दिन— शुक्रवार दिनांक— 03/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधि — 15 मिनट

---

01. प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर जारी। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के उत्तरी भागों में शीत दिवस और घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया।

02. प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत प्रदेश में आवासविहीन परिवारों की पहचान के लिए दस जनवरी से सर्वे का कार्य शुरू होगा।

03. भाजपा ने प्रदेश अध्यक्षों और राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के चुनाव के लिए प्रभारियों की घोषणा की। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर बनाये गये बिहार के चुनाव प्रभारी।

04. और, बीपीएससी की सत्तरवीं संयुक्त प्रतियोगिता की पुर्नपरीक्षा कल। पटना जिले के बाईस केंद्रों पर होगा परीक्षा का आयोजन।

———————————————————————————

प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के उत्तरी भागों में एक—दो स्थानों पर शीत दिवस का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने अगले दो से तीन घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, गोपारलगंज, सीवान और सारण में एक या दो स्थानों पर घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। इस बीच, विभिन्न स्थानों पर न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट से जन—जीवन प्रभावित हुआ है। आज सुबह राजधानी पटना समेत विभिन्न स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहा। इसके कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात भी प्रभावित हुआ है। कई रेलगाड़ियां और उड़ाने अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य का औसत न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। चार दशमलव चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ डेहरी और बांका राज्य के सबसे ठंडे स्थान रहे।

मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले दो दिन में ठंड से राहत की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढोतरी हो सकती है।

————बाईट———

इधर, मौसम विभाग ने जनवरी माह के मौसम पूर्वानुमान में कहा है कि इस दौरान राज्य में शीतलहर की आशंका सामान्य या सामान्य से कम रहेगी। वहीं, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में न्यूनतम तापमान सामान्य से कम और शेष बिहार में सामान्य बने रहने की संभावना है।

————————————————————————————————

अत्यधिक ठंड को देखते हुए गया जिला प्रशासन ने आज से जिले के सभी विद्यालयों और कोचिंग संस्थानों में सुबह के साढ़े नौ बजे से संध्या चार बजे तक पठन–पाठन के निर्देश जारी किये हैं। प्री–स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र भी इस आदेश के दायरे में रहेंगे। यह आदेश आगामी आठ जनवरी तक प्रभावी रहेगा।

————————————————————————————————

प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत प्रदेश में आवास विहिन परिवारों की पहचान के लिए दस जनवरी से सर्वे का कार्य शुरू होगा। यह सर्वे इकतीस मार्च तक चलेगा। राज्य सरकार के कर्मी सर्वेक्षण के तहत गांव–गांव जायेंगे और ऐसे लोगों की पहचान करेंगे जो आवास विहिन तथा कच्चे मकानों में रहते हैं। राज्य सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के आग्रह पर केंद्र सरकार ने सर्वेक्षण कराने और सूची बनाने की सहमति दी है। इस संबंध में ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में इस योजना के तहत पूर्व में बनी सूची के अनुसार लाभुकों को आवास का लाभ दिया जा रहा है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छह साल बाद सर्वेक्षण होगा।

————————————————————————————————

तिरहुत स्नानक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव में निर्वाचित वंशीधर ब्रजवासी आज बिहार विधान परिषद की सदस्यता के लिए शपथ ग्रहण करेंगे। परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह उन्हें शपथ दिलायेंगे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम सभापति के कार्यालय कक्ष में होगा। गौरतलब है कि यह उपचुनाव जदयू के वरिष्ठ नेता देवेशचंद्र ठाकुर के इस्तीफे के कारण सीट खाली होने के बाद कराया गया था। श्री ठाकुर ने सीतामढ़ी से सांसद चुने जाने के बाद परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

————————————————————————————————

भाजपा नेता और नवादा के सांसद विवेक ठाकुर ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन से मुलाकात की। श्री ठाकुर ने आगामी बजट को लेकर बिहार के संदर्भ में कई महत्वपूर्ण विषयों पर बात की। उन्होंने नवादा के फुलवरिया जलाशय पर न्यूक्लियर पावर प्लांट की स्थापना, नवादा–बिहार शरीफ नई रेल लाइन परियोजना और शेखपुरा–बिहार शरीफ–दनियांवा– नेउरा नई रेल लाइन परियोजना के उद्‌घाटन पर भी चर्चा की।

———————————————————————————

दशमेश गुरू श्री गोविंद सिंह जी महाराज के तीन सौ अंठावनवें प्रकाश पर्व को लेकर पटना स्थित तख्तश्री हरिमंदिर साहिब की तैयारियां जोरों पर हैं। प्रकाशोत्सव में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं का जत्था पटना साहिब पहुंचने लगा है। प्रकाश पर्व को लेकर आज सुबह तख्त साहिब से प्रभात फेरी निकाली गयी। तख्तश्री हरिमंदिर में सबद–कीर्तन और अखंड पाठ किया जा रहा है। गुरूद्वारा प्रबंधक कमिटि के गुरूविंदर सिंह ने बताया कि प्रकाश उत्सव के तहत कल बड़ी प्रभात फेरी और पांच जनवरी को नगर कीर्तन शोभा यात्रा निकाली जायेगी।

———बाईट———

प्रकाश उत्सव को लेकर पटना जिला प्रशासन की ओर से व्यापक प्रबंध किये गये हैं। जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि भीड़ प्रबंधन के लिए तिरासी स्थलों पर एक सौ पंद्रह मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गयी है। साथ ही यातायात नियंत्रण और पार्किंग के लिए उचित व्यवस्था की गयी है। प्रकाशोत्सव को लेकर आज से सात जनवरी तक पटना सिटी में भारी वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी।

———————————————————————————

भाजपा ने प्रदेश अध्यक्षों और राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के चुनाव के लिए बिहार सहित उनतीस राज्यों के लिए चुनाव अधिकारियों की घोषणा कर दी है। इस सूची में केंद्रीय मंत्री समेत वरिष्ठ नेताओं को विभिन्न राज्यों में संगठन चुनावों के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्‌टर को बिहार का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। पश्चिम चंपारण के सांसद डॉ. संजय जायसवाल को ओडिशा का चुनाव अधिकारी बनाया गया है।

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी की सत्तरवीं संयुक्त प्रतियोगिता की पुर्नपरीक्षा कल पटना में आयोजित की जाएगी। पुर्नपरीक्षा एकल पाली में होगी। पटना जिले में यह परीक्षा बाईस विभिन्न केंद्रों पर होगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन की ओर से सड़सठ मजिस्ट्रेट तैनाती की गयी है। आयोग के सचिव सत्यप्रकाश शर्मा ने बताया कि इस परीक्षा के लिए अबतक सात हजार अभ्यर्थियों ने एडमीट कार्ड डाऊन लोड किया है। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले तक ही अभ्यर्थियों को प्रवेश की अनुमति रहेगी।

———————————————————————————

इधर, इस परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर अभ्यर्थी और विभिन्न छात्र संगठनों का प्रर्दशन जारी है। राज्यसभा सांसद और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा ने बीपीएससी अभ्यर्थियों की मांगों का समर्थन किया है।

वहीं, पूर्णिया सांसद पप्पू यादव भी आज अभ्यर्थियों के समर्थन में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इधर, जनसुराज पार्टी के संयोजक प्रशांत किशोर ने बीपीएससी अभ्यर्थियों के समर्थन में पांच सूत्री मांगों को लेकर पटना स्थित गांधी मैदान में धरना प्रदर्शन शुरू किया है। जिला प्रशासन ने पटना उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार गांधी मैदान में बिना अनुमति के धरना प्रदर्शन करने पर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर नोटिस जारी किया है।

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से चयनित छत्तीस हजार नौ सौ सैंतालीस अध्यापक और प्रधानाध्यापक की काउंसलिंग सात से दस जनवरी तक आयोजित की जाएगी। ये सभी चयनित शिक्षक राज्य में अनुसूचित जाति और जनजाति कल्याण विभाग की ओर से संचालित विद्यालयों में अपनी सेवाएं देंगे।

———————————————————————————

बेतिया के मनसा टोला गुमटी के पास रेलवे ट्रैक पर बैठकर ऑनलाइन गेम खेलने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से तीन किशोरों की मौत हो गयी। ये सभी नौवीं कक्षा के छात्र थे। आरपीएफ थानाध्यक्ष निरंजन कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मुजफ्फरपुर–नरकटियागंज पैसेंजर ट्रेन के चपेट में आने से यह हादसा हुआ। घटना स्थल से ईयरबड्स और मोबाईल फोन मिले हैं। उन्होंने बताया कि सभी मृतक बेतिया के मुफसिल्ल थाना क्षेत्र के अकबर नगर के रहने वाले थे।

———————————————————————————————————

सीमा शुल्क आयुक्तालय की टीम ने पूर्णिया में तैंतालीस हजार किलो चाइनीज लहसुन जब्त किया है। जब्त लहसुन की अनुमानित कीमत एक करोड़ पैंतीस लाख रूपये है। गुप्त सूचना के आधार पर सीमा शुल्क अंचल, पूर्णिया ने दो हजार एक सौ नब्बे पैकेट चाइनीज लहुसन को ट्रक सहित जब्त किया है। सीमा शुल्क, पटना के आयुक्त यशोवर्धन पाठक ने बताया कि चाइनीज लहसुन में इम्बेलेसिया अल्लील हानिकारक फंगस पाये जाने के कारण यह भारत में प्रतिबंधित है।

———————————————————————————————————

राष्ट्रीय खेल पुरस्कार की घोषणा कर दी गई है। सबसे युवा शतरंज विश्व चैम्पियन डी. गुकेश, एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर, लगातार दो ओलंपिक पदक विजेता पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को इस साल देश का सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

32 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इनमें धावक जो ज्योति याराजी, मुक्केबाज नीतू और स्वीटी, शतरंज खिलाड़ी वंतिका अग्रवाल, हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे, अभिषेक, संजय, जर्मनप्रीत और सुखजीत सिंह शामिल हैं। पैरा तीरंदाज राकेश कुमार, पैरा एथलीट प्रीति पाल, दीप्ती जीवन जी, अजीत सिंह और सचिन खिलाड़ी को भी अर्जुन पुरस्कार दिया जाएगा। भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता पैरा तैराक मुरलीकांत पेटकर और 1970 और 1974 के एशियाई खेलों के पदक विजेता एथलीट सुचा सिंह को अर्जुन पुरस्कार लाइफटाइम से सम्मानित किया जाएगा। पैरा शूटिंग कोच सुभाष राणा, शूटिंग कोच दीपाली देशपांडे, हॉकी कोच संदीप सांगवान, बैडमिंटन कोच एस मुरलीधरन और फुटबॉल कोच अरमांडो एगनेलो कोलासो को द्रोणाचार्य पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा। पुरस्कार विजेता इस महीने की 17 तारीख को राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से पुरस्कार प्राप्त करेंगे। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

———————————————————————————————————

पटना में आयोजित अड़सठवीं नेशनल स्कूल गेम्स रग्बी अंडर–फोर्टीन प्रतियोगिता में बिहार की टीम चैंपियन बनी है। बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में बिहार ने ओडिशा को दस–पांच से जबकि, बालक वर्ग में महाराष्ट्र को पचास–शून्य के भारी अंकों से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया है।

इधर, दिल्ली में संपन्न राष्ट्रीय लॉन बॉल चैंपियनशिप में बिहार के चंदन ने कांस्य पदक जीता है। चंदन मुंगेर जिले के रहने वाले हैं।

———————————————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – अवैध खनन के कार्रवाई में सहयोग करने वालों को सम्मान। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार योद्धा सम्मान की शुरूआत की।

**दैनिक जागरण** की प्रमुख खबर है – पंचायतों में रोटेशनल आरक्षण के लिए नया मॉडल होगा तैयार। अखबार लिखता है – केंद्र सरकार ने शुरू किया चिंतन, मंत्रालय बनाएगा रिपोर्ट।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर जारी। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के उत्तरी भागों में शीत दिवस और घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया।

02. प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत प्रदेश में आवासविहीन परिवारों की पहचान के लिए दस जनवरी से सर्वे का कार्य शुरू होगा।

03. भाजपा ने प्रदेश अध्यक्षों और राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के चुनाव के लिए प्रभारियों की घोषणा की। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर बनाये गये बिहार के चुनाव प्रभारी।

04. और, बीपीएससी की सत्तरवीं संयुक्त प्रतियोगिता की पुर्नपरीक्षा कल। पटना जिले के बाईस केंद्रों पर होगा परीक्षा का आयोजन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।